प्रेस सूचना (प्रेस विज्ञप्ति सं. 108 /**2025**)

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## नई दिल्ली, दिनांक 14 अक्टूबर 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु वेबसाइट: - www.trai.gov.in

**भादूविप्रा ने जयपुर-उदयपुर रेल मार्ग तथा उदयपुर एवं राजसमंद शहर (राजस्थान) में मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सितंबर **2025** माह के दौरान राजस्थान एल.एस.ए. में जयपुर–उदयपुर रेल मार्ग तथा उदयपुर एवं राजसमंद शहर में किए गए स्वतंत्र ड्राइव **टेस्ट** (आई.डी.टी.) के निष्कर्ष आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी हेतु जारी किए हैं। इस ड्राइव परीक्षण का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टी.एस.पी.) द्वारा प्रदान की जा रही मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉइस एवं डेटा दोनों) की वास्तविक परिस्थितियों में गुणवत्ता का आकलन एवं सत्यापन करना है। स्वतंत्र ड्राइव **टेस्ट** (आई.डी.टी.) के दौरान, भादूविप्रा ने सभी **दूर संचार सेवा प्रदाताओं** के सिम काड्‌र्स का उपयोग करते हुए **2G, 3G, 4G** तथा **5G** नेटवर्क्स पर कॉल सेटअप सक्सेस रेट, डेटा डाउनलोड एवं अपलोड **स्पीड** , **स्पीच क़्वालिटी** आदि जैसे प्रमुख प्रदर्शन सूचकांकों (के.पी.आई.) पर आधारित प्रदर्शन डेटा एकत्रित किया **जाता है** । इस प्रकार संकलित डेटा का विश्लेषण उन्नत सॉफ्टवेयर की सहायता से किया **जाता है** तथा प्राप्त परिणामों को उपभोक्ताओं को सूचित करने एवं **दूर संचार सेवा प्रदाताओं** को अपनी सेवाओं में सुधार हेतु प्रेरित करने के लिए प्रकाशित किया **जाता है** ।

भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से राजस्थान में 01.09.2025 से 04.09.2025 की अवधि के दौरान जयपुर से उदयपुर तक 430 किलोमीटर के रेल मार्ग तथा उदयपुर एवं राजसमंद शहर में 313.1 किलोमीटर के सिटी ड्राइव और 10 हॉटस्पॉट स्थानों को कवर करते हुए विस्तृत ड्राइव परीक्षण संचालित किए। ये परीक्षण भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के पर्यवेक्षण में संपन्न किए गए। जयपुर–उदयपुर रेल मार्ग तथा उदयपुर एवं राजसमंद शहर के आई.डी.टी. निष्कर्षों का सारांश निम्नानुसार प्रस्तुत है:

## (क) जयपुर–उदयपुर रेल मार्ग:

### (i) वॉयस सेवाएं:

| क्रम सं. | मुख्य निष्पादन संकेतक (3G/2G में) | मापन इकाई | एयरटेल | बी.एस.एन.एल. | आर.जे.आई.एल. | वी.आई.एल. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर) | % | 100 | 82.29 | *98.62* | 92.81 |
| 2 | कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सीएसटी) | sec. | 1.88 | 3.36 | *0.95* | 2.13 |
| 3 | कॉल ड्रॉप दर (डी.सी.आर.) | % | 0.70 | 18.06 | *0.70* | 4.93 |

### (ii) डेटा सेवाएं:

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | मापन इकाई | एयरटेल | बी.एस.एन.एल. | आर.जे.आई.एल | वी.आई.एल. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 67.12 | 2.98 | 162.83 | 21.21 |
| 2 | एवरेज अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 13.24 | 3.37 | 15.74 | 9.85 |
| 3 | लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल) | ms में | 18.00 | 38.00 | 21.15 | 24.25 |

## (ख) उदयपुर एवं राजसमंद शहर :

### वॉयस सेवाएं:

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | मापन इकाई | एयरटेल | बी.एस.एन.एल. | आर.जे.आई.एल | वी.आई.एल. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सीएसएसआर) | % | 100.00 | 96.62 | 100.00 | 98.06 |
| 2 | कॉल सेटअप टाईम एवरेज (सीएसटी) | sec. | 1.75 | 3.27 | 0.53 | 1.50 |
| 3 | ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर) | % | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 0.25 |
| 4 | कॉल साइलेंस रंट (म्यूट काल) | % | 0.75 | NA | 1.24 | 1.25 |
| 5 | मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस) | 1-5 | 4.05 | 2.36 | 3.83 | 4.49 |

<u>डेटा सेवाएं:</u>

| क्रम सं | मुख्य निष्पादन संकेतक (आटो सेलेक्शन मोड (5G /4G /3G /2G) | मापन इकाई | एयरटेल | बी.एस.एन.एल. | आर.जे.आई.एल | वी.आई.एल. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **एवरेज डाऊनलोड थ्रूपुट** | (Mbits/s) | 154.32 | 3.91 | 346.02 | 39.52 |
| 2 | **एवरेज अपलोड थ्रूपुट** | (Mbits/s) | 29.45 | 3.17 | 37.90 | 13.54 |
| 3 | **लेटेंसी (50 वां पर्सेंटाईल)** | ms में | 18.10 | 43.50 | 12.30 | 29.85 |

*ड्राइव परीक्षण ने उदयपुर एवं राजसमंद शहर के सभी प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया, जिनमें आसपास के क्षेत्र जैसे सुखेर, पालड़ी, प्रतापनगर, ट्रांसपोर्ट नगर, डागियों की पंचोली, सेक्टर-11, सेक्टर-5, साविना, बालिचा, केवड़े की नाल, ढोल की पाटी, केलवा, पसून्द, राजसमंद, भाना, बदारदा, नाथद्वारा आदि सम्मिलित हैं।*

इस आई.डी.टी. रिपोर्ट के निष्कर्ष संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टी.एस.पी.) के साथ साझा किए गए हैं, ताकि आवश्यकतानुसार वे अपने स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर सकें। आई.डी.टी. की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए adv.jaipur@trai.gov.in

पर ईमेल किया जा सकता है या भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर से दूरभाष संख्या +91-141-2701919 पर संपर्क किया जा सकता है।

14.1.0.25

**राजेश कुमार अग्रवाल, आई.टी.एस.**

**सलाहकार, भादूविप्रा**

**क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर**